



RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:91 | SATURDAY, DATE: 16-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### बढ़ता खतरा: महानगर में लगातार दूसरे दिन आगजनी

# जनकपुरी, ढंडारीकला की गारमेंट्स फैक्ट्रियों में आग लगने से मशीनें, कपड़े जलकर खाक

### नाराज लोगों ने लगाया आरोप, फायर ब्रिगेड जल्दी पहुंचती तो नुकसान कम होता





लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। इस इंडस्ट्रियल सिटी में इस साल भी गर्मी बढ़ने के साथ ही आगजनी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। कल चौड़ा बाजार में गारमेंट्स शोरुम में आग लगने के बाद देर रात ढंडारी कला गारमेंट फैक्टरी में और शनिवार को जनकपुरी इलाके में स्थित गारमेंट्स फैक्ट्री में ही आग लग गई। जिसके चलते लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक जनकपुरी इलाके की गली नंबर तीन में आज सुबह ट्राउजर्स बनाने वाली सिद्धक गारमेंट्स फैक्ट्री में आगजनी की यह घटना हुई। उसके मालिक रविंद्र कुमार के मुताबिक वह शुक्रवार की रात काम खत्म कराने के बाद फैक्ट्री बंद करके घर चले गए था। शनिवार सुबह ही इलाके के लोगों ने फोन करके बताया कि उनकी फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर आग लगी है। लोगों ने छतों से पानी के पाइप डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। उनके अनुसार फैक्ट्री में सिलाई के लिए रखे कपड़ों का स्टॉक और 05 सिलाई मशीनें आग लगने से खाक हो गई। हालांकि आग लगने की सही वजह पता नहीं चली। आग बुझाने में मददगार रहने लोगों का इलजाम था कि सबसे पहले घटना की जानकारी पुलिस को देनी चाही, लेकिन चौकी जनकपुरी चौकी में किसी ने फोन तक नहीं उठाया। जब फायर ब्रिगेड को सूचित किया तो उनकी गाड़ियां देरी से पहुंच सकी। फायर ब्रिगेड अगर पहले ही पहुंच जाती तो शायद इतना बड़ा नुकसान नहीं होना था।

#### दिक्कतें लंबे वक्त से, कोई असर नहीं आबादी बढ़ती गई, सुविधाएं घटती गईं

महानगर की आबादी जिस तेजी से बढ़ी है, उसकी तुलना में आगजनी से बचाव के प्रबंधों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। मसलन, फायर ब्रिगेड की नफरी बढ़ाने, फायर टेंडरों को अपग्रेड करने और आग लगने पर रास्ते में मिलने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को खत्म करने के बारे में कभी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसे लेकर इंडस्ट्रियल सिटी के कारोबारी लगातार आवाज उठाते रहे हैं। यहां काबिलेजिक्र है कि कारोबारी नेता तरुण जैन बावा ने तो यहां तक प्रस्ताव रखा था कि कारोबारी फायर-ब्रिगेड स्टेशन व उसके स्टाफ का खर्च खुद उठाने को तैयार हैं, सिर्फ सरकार एक और फायर-बिग्रेड स्टेशन राहों रोड पर खोल दे। उस इलाके में बड़ी गारमेंट्स यूनिटें लगी हैं। जिनमें आगजनी के हादसों में भारी नुकसान होता है। जबकि फायर टेंडर दूर इलाकों से पहुंचते हैं।

## एक अनार...वाले हालात

लुधियाना इंडस्ट्रियल सिटी होने के कारण यहां देशभर के तमाम राज्यों के लिए लाखों लोग आकर बसे हैं। जिसके चलते इस महानगर की आबादी में बीते तीन-चार दशकों में तेजी से इजाफा हुआ है। जबकि इसे पिछली सरकारों की अदूरदर्शिता ही कहेंगे कि महानगर की आबादी जितनी बढ़ी, उसकी तुलना में फायर-ब्रिगेड स्टेशन तो बढ़ाना दूर, उनका स्टाफ ही उल्टे कम हो गया। जबकि फायर ब्रिगेड स्टेशनों को अपग्रेड करने की कोशिशें भी नहीं हुई, उल्टे कई फायर-टेंडर ही खटारा हो गए। ऐसे हालात के बीच ही घनी आबादी वाले इलाकों व तंग बाजारों में आग लगने की स्थिति में ऊंची सीढ़ियों, कैमिकल-फायर पर काबू पाने वाले फोम-मैटेरियल की कमी से भीषण अग्निकांड के दौरान फायरकर्मी जूझते हैं और जख्मी तक हो जाते हैं। उस पर तुर्रा ये कि कई इलाकों में इंक्रोचमेंट, ट्रैफिक जाम के चलते भी फायर टेंडर समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। इन तमाम दिक्कतों का खमियाजा उनको भुगतना पड़ा है, जिनकी फैक्ट्रियों, दुकानों या घरों में आग लगती है। कई मौकों पर फायरकर्मी तक झुलस जाते हैं। ऐसे में हर साल करोड़ों के आर्थिक नुकसान के अलावा कई मौकों पर बेशकीमती जानें तक चली जाती हैं। अब लोगों को आस है कि पंजाब की नई सरकार इस गंभीर समस्या की तरफ जरुर ध्यान देगी।




संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# सो रही नाबालिग से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

### वारदात के बाद भागा आरोपी गिरफ्तार



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। विकृत मानसिकता के चलते नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के मामले बढ़ने लगे हैं। महानगर के कंगनवाल इलाके में करीब बारह साल लड़की से पड़ोसी ने ही उस वक्त दुष्कर्म किया, जब वह सो रही थी। बच्ची का शोर मचाने पर जब आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। जिसके मुताबिक इस इलाके की एक कालोनी के निवासी बच्ची के पिता ने बताया कि वह और उनकी पत्नी छत पर सोए हुए थे। उसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला युवक उनके कमरे में घुसा और वहां सो रही उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने लगा। शोर मचाने पर जब से आसपास के लोग उठे और कमरे के बाहर इकट्ठा हुए तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी अमरीक कुमार को बाद में गिरफ्तार कर लिया। यहां काबिलेजिक्र है कि पिछले एक महीने में बच्चियों से दुष्कर्म की यह तीसरी घटना है।


# जानलेवा गर्मी का कहर जारी, पारा 37 डिग्री से ऊपर

### मौसम विभाग ने जारी किया आरेंज अलर्ट



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। थोड़ी राहत के बाद शनिवार को फिर गर्मी ने अपना पूरा कहर बरपाया। दोपहर तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। गर्मी से होने वाले नुकसान की आशंका के चलते मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया। हालांकि सुबह से ही सूरज निकलने के बाद तपिश महसूस हो रही थी। महानगर और आसपास के इलाकों में फिर से सीवियर हीट के चलते लोग झुलसा देने वाली गर्मी से बेहाल नजर आए। कई जगह तो पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम माहिरों की मानें तो कल भी मौसम ऐसा ही रहेगा। जबकि 20 अप्रैल तक झुलसा देने वाली गर्मी इस तरह बेहाल करती रहेगी। शुक्रवार को बठिंडा को छोड़कर सभी जिलों में दिन का पारा 35 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बठिंडा में दिन का पारा 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। जो कि पंजाब में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया था।

# रविवार को बंद रहेगी बिजली



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। पीएसपीसीएल की ओर से 11केवी फीडरों की मरम्मत का अभियान जारी है। जिसके तहत कल 17 अप्रैल रविवार को शहर और साथ लगते के कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। विभाग के जनसंपर्क अधिकारी गोपाल शर्मा पिंटा के अनुसार पहले चरण में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद रहने से प्रभावित क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल एरिया-बी, आयरन मार्केट और आसपास का एरिया शामिल है। दूसरे चरण में सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक सीरा रोड 50% इंडस्ट्रियल एरिया, धर्मपुरा कॉलोनी, बाजीगर कॉलोनी, हरकिरण विहार, मेहरबान में बिजली बंद रखी जाएगी।

# कूड़े के पहाड़ यानि ताजपुर डंप में लगी आग



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। शनिवार को यहां नगर निगम के सबसे बड़े कूड़ा-डंप में आग लग गई। यहां ताजपुर रोड स्थित इस कूड़ा-डंप में कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ से बन चुके हैं। आग लगने के कारण उससे उठ रही बदबू और जहरीले धुएं की वजह से आसपास के इलाके के लोगों को अपने घरों के दरवाजों और खिड़कियों को बंद रखना पड़ा। आग पर काबू पाने के लिए सफाई सेवक जोखिम उठाते हुए उस पर पानी डालते नजर आए।

### अब निजी बस कंपनियां सरकार से मांग रहीं हक

# प्राइवेट बस कंपनियों के मालिक खोलेंगे मोर्चा

### ट्रांसपोर्ट माफिया कहे जाने से खफा अपनी कई मांगें रखीं, बताई जायज




लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। पिछली सरकारों में सरकारी बसों के कांट्रेक्ट मुलाजिमों ने पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। अब लगता है कि अपनी मांगों को लेकर प्राइवेट बस कंपनियों के मालिक भी जल्द ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं। दरअसल उन्होंने आज यहां एकजुट होकर अपनी मांगों के मामले में कुछ ऐसे ही संकेत दिए। उन्होंने इस बात पर सख्त एतराज जताया कि एक प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े बस मालिकों को माफिया कहकर बदनाम किया जाता है। इस मौके पर 15 ट्रांसपोर्ट कंपनियों के मालिक मीडिया से रूबरू हुए। इनमें न्यू फतेहगढ़ बस सर्विस के मालिक सुमेर सिंह, लिबड़ ट्रांसपोर्ट से गुरजिंदर जीत सिंह, मालवा बस सर्विस से शुभकरण सिंह बराड़, शेखुपुरिया बस सर्विस से इकबाल सिंह, ग्रेवाल बस सर्विस से कुलविंदर सिंह, राजगुरु बस सर्विस से गुरजीत सिंह, हरगोविंद बस सर्विस से हरदीप सिंह, न्यू पटियाला बस सर्विस से अमरिंदर सिंह, करतार बस सर्विस से गुरजीत सिंह, पाल ट्रैवल्स से पाल सिंह, झावर बस से हरदीप सिंह, धालीवाल बस सर्विस से प्रदीप सिंह, प्रीतम बस सर्विस से हरचंद सिंह, अंबाला बस सिंडीकेट से अमरिंदर सिंह, मालवा बस सर्विस से सोमनदीप संधू और जुझार ट्रांसपोर्ट से गुरदीप सिंह शामिल रहे।

व्हीकल टैक्स को कम किया जाए, बस अड्डा फीस माफ की जाए। टाइम टेबल पंजाब रोडवेज और पीआरटीसी की बजाए आरटीओ द्वारा खुद सबकी सहमति से बनाए जाए। यह टाइम टेबल सबके लिए एक जैसा होना चाहिए। बसों का किराया कम से कम 10 से बढ़ाकर 30 रुपये किया जाए। डीजल और महंगाई के मद्देनजर बस किराए में बढ़ोतरी के लिए बाकायदा सर्वे कराया जाए।

उन्होंने अपनी आठ प्रमुख मांगों का जिक्र करते कहा कि प्राइवेट बस मालिकों को माफिया नहीं कहा जाए। कुल 22 सौ प्राइवेट बसों में से महज 329 बस ही बड़े घरानों की है। इन प्राइवेट बसों के परमिट, टैक्स, किराए का कंट्रोल सरकार के हाथ में होता है। जबकि 10 हजार लोगों को प्राइवेट बसों के जरिए ही रोजगार मिलता है। किसी सियासी परिवार द्वारा कोई कारोबार करना आखिर माफियागिरी की श्रेणी में किस तरह आता है। दूसरे राज्यों की बसें पंजाब को टैक्स के मामले में चूना लगाने के बावजूद बंद की क्यों नहीं जाती हैं। पंजाब रोडवेज और पीआरटीसी की बसों का टाइम टेबल क्यों ज्यादा है, टाइम टेबल आरटीओ खुद क्यों नहीं बनाते हैं।इन बस कंपनी मालिक ने दावा किया कि बसों में सफर करने का किराया सरकार तय करती है, अगर कोई बस सरकार के बनाए नियमों और मंजूर किए परमिट के बिना नहीं चल सकती है। साथ ही ज्यादा किराया भी मुसाफिरों से नहीं वसूला जा सकता है। उन्होंने रोष जताया कि कांग्रेस सरकार के राज में ही बड़े घराने की आड़ में सभी बस मालिकों को माफिया के तौर पर बदनाम किया गया।

# स्पेशल बच्चों की मंच पर शानदार परफार्मेंस

## निर्दोष स्कूल के सालाना समारोह में मचाया धमाल



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। वाकई स्पेशल बच्चे किसी से कम नहीं होते हैं, उनका हुनर आम बच्चों से भी बढ़कर होता है। उनकी परफार्मेंस निर्दोष स्कूल के सालाना समागम में देखने को मिली, जो सराभा नगर स्थित रोटरी भवन में कराया गया। इस स्कूल के करीब 48 स्पेशल बच्चों ने विभिन्न भावनाओं का चित्रण करने के साथ खूब धमाल भी मचाया। मुख्य मेहमान के तौर पर केजे फार्जिंग के गोपी कोठारी पहुंचे। स्कूल की चेयरपर्सन अलका छाबड़ा ने टीम सहित मुख्य मेहमान का स्वागत किया। इसके बाद स्कूल की उपलब्धियों और गतिविधियों पर रोशनी डाली। स्कूल की को-प्रेसिडेंट किट्टी बख्शी ने बच्चों के अदभुत प्रदर्शन के माध्यम से जीवन की यात्रा को दर्शाने वाली समय अवधारणा का भावनात्मक और सुंदर विवरण दिया। स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रिंसिपल सूरत सिंह ने पढ़ी। स्कूल के बच्चों की ओर से डांस परफार्मेंस भी दी गई। लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौंसला बढ़ाया। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मुख्य मेहमान गोपी कोठारी ने स्पेशल बच्चों की सराहना करते कहा कि इन बच्चों में भी टैलेंट भरपूर है, बस इन्हें एक मंच की जरूरत है। निर्दोष स्कूल इस दिशा में बेहतर प्रयास कर रहा है। स्पेशल बच्चों की ओर से तैयार किए सामान के स्टाल्स भी लगाए गए। सभी बच्चों को प्रशंसनीय पत्र भी दिए गए।

# सर्वसम्मति से हुआ पंजाब ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चयन




लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल पंजाब ताइक्वांडो एसोसिएशन की साल 2022-23 की एक्जिक्युटिव कमेटी और जनरल बॉडी की मीटिंग अरुण कुमरा की अध्यक्षता में दी लर्निंग स्टेशन स्कूल, पंज पीर रोड पर हुई। आर्य कालेज के पूर्व प्रिंसिपल बीके मेहता के सहयोग से सम्पन्न इस मीटिंग में पंजाब के सभी जिलों के सदस्यों ने सर्वसम्मति से लक्ष्मण प्रसाद-अमृतसर को एसोसिएशन का जनरल सेक्रेटरी चुना। इनके अलावा संजीव सूद-लुधियाना कोषाध्यक्ष, वीके मेहता -लुधियाना सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और पवन सिंगला-पटियाला को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया। इस मौके पर हरजीत सिंह, गौरव शर्मा, सुनीता गुप्ता, मंजू सूद, हरप्रीत सिंह, प्रवीण कुमार, जसप्रीत सिंह, अभय कुमरा आदि मौजूद थे।

# हनुमान जयंती पर स्कूली बच्चों ने किया हनुमान चालीसा पाठ




लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। बस्ती जोधेवाल स्थित एसडीपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रधान बलराम कुमार भसीन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का उच्चारण एवं भजन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्कूल इंचार्ज इंदु खुराना ने भी विद्यार्थियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस धार्मिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ ही अध्यापकों ने भी पूरी श्रद्धा व उत्साह से भाग लिया।




लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। हनुमान जयंती पर गर्ग परिवार ने चंडीगढ़ रोड सेक्टर 39 में स्थित राम दरबार मंदिर में लगाया लंगर। *-फोटोः मुनीश वशिष्ठ*

# श्री दुर्गा सेवा संघ की ओर से माँ चिंतपूर्णी के लिए बस रवाना



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। श्री दुर्गा सेवक संघ (रजि) कि ओर से प्रधान बलबीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में 168 वीं बस यात्रा माँ चिंतपूर्णी जी के लिए दर्शन के लिए रवाना हुई। सर्वप्रथम पुजारी हरिमोहन शर्मा व राजीव शर्मा ने पूजा अर्चना की। कोषाध्यक्ष बिमल कुमार महेंद्रू ने बस को हरी झंडी देकर रवाना किया महामंत्री ओम् प्रकाश मलिक, बस यात्रा कनविनर संजीव बैंटी, चौंकी कनविनर संदीप गुप्ता, गौरव महेंद्रू, दीपक अरोड़ा, राहुल महेंद्रू, विक्रम जिंदल, उत्तम चंद सैनी, मणि सिंगला, अजय चोपड़ा, जतिंदेर ढींगरा ने माता रानी से सभी के लिए प्रार्थना की। सुषमा महेंद्रू, रेखा, कविता आहूजा, नीतू, आदि ने माँ चिंतपूर्णी के दरबार में माँ की चौंकी लगाई।

# नंदिनी लेडीज क्लब की ओर से अंताक्षरी कार्यक्रम आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। लुधियाना के नंदिनी लेडीज क्लब द्वारा अंताक्षरी का आयोजन अनु सेठ की अध्यक्षता में किया गया। अंताक्षरी में पांच टीमों ने भाग लिया। इन टीमों के नाम है धुन, लय, रिदम, सुर और ताल। पहला पुरस्कार धुन टीम को मिला, जिसमें प्रेम वर्मा, नेहा और विजेता मेंबर्स थीं। दूसरा पुरस्कार सुर टीम को मिला, जिसमें रश्मि, बबीता और आकृति थीं। तीसरा पुरस्कार लय टीम की अपर्णा, प्रियंका और इंदु को मिला। रिदम टीम जिसमें अनीता सूरी, प्रेम सेठी और सुनंदा थी को चौथा स्थान मिला। इसमें सभी क्लब मेंबरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा तंबोला गेम भी खेला गया। इस मौके पर शील लिख्यानी, अमिता मल्होत्रा, संगीता गुप्ता, ओमा पुरी, उर्मिल सूद, रचना चावला, मंजू सेठ, शीतल सूद, सुनीता जगोता और पूर्व अध्यक्ष अरुणा महिंद्रा उपस्थित थे।

रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्नीय माता

**श्रीमती प्रेम लता सिंगला**

(पत्नी सर्वगवासी श्री रिशी पाल सिंगला जी)

**5 अप्रैल 2022** को अपनी संसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में जा विराजे हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए **गरूड़ पुराण** के **पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी** दिन रविवार **17 अप्रैल 2022** को **दोपहर 1 से 2 बजे** तक **पुराना कृष्णा मंदिर, माडल टाऊन, लुधियाना** में संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

| | | | |
|---|---|---|---|
| रमन सिंगला - समाईली | (पुत्र - पुत्रवधू) | तुशार - राघव - कुशल | (पौत्रे) |
| अजय सिंगला - शैली | (पुत्र - पुत्रवधू) | सारा - समाईरा | (पौत्रियां) |
| मंजु - अशोक गर्ग | (बेटी - दामाद) | साहिल - अंशुल | (दौत्रे) |
| सोनु - संजीव कांसल | (बेटी - दामाद) | भावुक - कशिश | (दौत्र - दौत्री) |

एवं समूह सिंगला परिवार | M: 98887-57544, 99157-30903

LA CREATIONS PVT LTD | CLASSIC POLYMERS

# मां के साथ मिलकर ससुर को खिलाया जहरीला पदार्थ

अमृतसर / यूटर्न / 16 अप्रैल। रमदास थाने के अधीन पड़ते महमद मंदरवाला गांव प्रकाश सिंह (57) ने आरोप लगाया कि उनकी बहू करिश्मा और उसकी मां बलविदर कौर ने जबरी उनके मुंह में जहरीला पदार्थ ठूंस दिया। इसके बाद दोनों घर से फरार हो गई। जब परिवार के सदस्यों को इस बारे में पता चला तो उन्होंने मुझे अस्पताल में दाखिल करवाया। फिलहाल प्रकाश सिंह की शिकायत पर रमदास थाने की पुलिस ने बटाला के भोलेके गांव निवासी करिश्मा और उसकी मां बलविदर कौर के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है। प्रकाश सिंह ने बताया कि उनका बेटा सूरत सिंह नौकरी करता है और दस दिन पहले घर लौटा था। डेढ़ साल पहले उन्होंने अपने बेटे असमानप्रीत कौर की शादी करिश्मा से कर दी थी। बेटे के नौकरी पर जाने के बाद करिश्मा अकसर अपने मायके वालों के बहकावे में आकर ससुराल में रहने की बजाए मायके में ही रहती थी। कुछ दिन पहले बेटा नौकरी से छुट्टी लेकर घर आया था। बहू करिश्मा ने फिर मायके जाने की जिद्द करनी शुरू कर दी।

# मेला मेलिया दा 2022 का एल्बम और टीज़र रिलीज़




लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। लुधियाना के विजया रेस्टोरेन्ट में कुलार प्रोडक्शन ओर बलवीर गोरा की ओर से मेला मेलिया दा 2022 एल्बम ओर टीज़र रिलीज़ किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए हैप्पी कुलार ने बताया कि यह एल्बम एक मल्टी एल्बम है जिसमें बाराह कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज़ के साथ गाया है सभी गीतों को बलवीर गोरा कनाडा ने लिखा और म्यूजिक कर्ण दुरेज ओर वीडियो भी कर्ण दुरेज ने की है। एल्बम में सिंगर दिलजीत निगाह, वीर सुखवंत, सूखा बद्दोवाल, पाली देतवालिया, सुखविंदर सुखी, जोट पंडोरी, सूरज मोहम्मद, जस्टिन संधु, बलबीर राय गुलशन राय, जीत खान, राजा इंदरजीत, कर्मकौर ने गाया है।

जन्मदिन मुबारक



अजय मलहन



के.के. गर्ग

PUBLISH YOUR Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
T&C
belfrance bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो के तीसरे दिन भी स्टॉल्स पर उमड़े लोग

## सरकारी गर्ल्स कॉलेज के मैदान में 18 अप्रैल तक चलने वाली एक्सपो में लेटेस्ट स्टॉल्स पर रौनक








लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो महानगर में फिरोजपुर रोड पर श्री दुर्गा माता मंदिर के पास सरकारी गर्ल्स कॉलेज के मैदान में जारी है। जिसके तीसरे दिन भी खरीदारों की भीड़ उसमें लगे सैकड़ों स्टॉल्स पर देखने को मिली। यहां गौरतलब है कि महानगर में तमाम राज्यों-देशों के रहने वाले लोगों के लिए इस एक्सपो में 18 अप्रैल यानि लगातार पांच दिन मनपसंद खरीदारी का सुनहरा मौका प्रदान करेगी। सबकी जरुरतों को पूरा करने वाले लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के 150 स्टॉल्स लगे होने के साथ ही यहां किफायती दामों में अच्छी क्वालिटी के उत्पाद मिलना महंगाई के इस दौर में भी मिल रहे हैं। इस एक्सपो में लगे इंटीरियर-डेकोरेशन, फर्नीचर, डैकोरेटिव व गिफ्ट आइटम्स के अलावा किचेन एसेसरीज, क्राकरी के स्टॉल पर खरीदारों की ज्यादा दिलचस्पी नजर आई। इनके साथ ही खाने-पीने के उत्पादों व अन्य स्टॉल्स पर भी लोगों ने लेटेस्ट प्रोडक्टस खरीदने में रुचि दिखाई। इस एक्सपो के आयोजक शोमैन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ध्रुवनेश शर्मा ने बताया कि 26 वर्षों के अनुभव के साथ प्रदर्शनियों के आयोजन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ लिमिटेड और लाइफस्टाइल के 253 शो पेश कर चुका का है। इस एक्सपो में चौथे संस्करण की शुरुआत की गई है। शोमैन एसोसिएट्स अपने सिल्वर जुबली अनुभव के साथ नवीनतम उत्पादों के साथ प्रदर्शनी लगाते हैं। कंपनी के प्रमुख व प्रदर्शनी के आयोजक सतीश शर्मा शोमैन की टीम पूरी तत्परता से इसे सफल बनाने का संकल्प लेकर एकजुटता दर्शा रही है। मौसम का मिजाज तल्ख होने के कारण दिन के मुकाबले शाम ढले एक्सपो में शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के इलाकों से भी लोग सपरिवार शॉपिंग करने पहुंच रहे हैं। जिसके चलते एक्सपो में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधि भी खासे उत्साहित हैं।

*-फोटोः मुनीश वशिष्ठ*

# एनबीसीसी द्वारा बनाए गए हाउसिंग सोसायटी के फ्लैटों के बिगड़े हालात



बागपत / यूटर्न / 16 अप्रैल। बागपत के खेकड़ा में एनबीसीसी ने एक प्राइवेट बिल्डर के साथ मिलकर 2010 में 1300 फ्लैट्स बनाया। लॉटरी सिस्टम के जरिये लोगों को 2015 में फ्लैट अलॉट किए गए। लेकिन ये आज ये हाउसिंग सोसायटी भूतों का शहर बन गई हैं। टाउनशिप में 2010 में चंद्रकला नैंटा ने बुकिंग करवाई और फ्लैट 2015 में मिला। लेकिन हर महीने करीब 2300 रुपये मेंटेनेंस चार्ज देने के बावजूद सोसायटी के फ्लैट रखरखाव न होने के चलते जर्जर हो रहे हैं। चंद्रकला के हाथों में सैकड़ों पन्ने की शिकायत है जो दर्जनों विभागों में दे चुके हैं। लेकिन नतीजा सिफर रहा। नैंटा का कहना है कि न कोई सोसायटी बना रहे हैं, न मेंटेनेंस का हिसाब दे रहे हैं। ऐसा कोई विभाग नहीं होगा, जहां हमने शिकायत नहीं दी होगी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। दिल्ली से महज से 30 किमी दूर ये सरकार की नवरत्न कंपनी एनबीसीसी की टाउनशिप है। 2010 में इस तरह के ब्राशर के जरिये लोगों को फ्लैट्स के सपने बेचे गए। लेकिन महज 7 साल बाद अब फ्लैट्स इस तरह के दिख रहे हैं।

# विमान ईंधन की कीमत में 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी



नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच विमानों में ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले एटीएफ की कीमतें भी शनिवार को 0.2 प्रतिशत बढ़ा दी गई। यह एटीएफ की कीमतों में हुई इस साल की लगातार आठवीं बढ़ोतरी है। सार्वजनिक तेल कंपनियों की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक एटीएफ के दाम में 277.5 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 0.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. इस मूल्य वृद्धि के बाद राजधानी दिल्ली में एटीएफ के भाव 1,13,202.33 रुपये प्रति किलोलीटर हो गए हैं। इस तरह एटीएफ की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। इस बीच पेट्रोल एवं डीजल के दाम लगातार दसवें दिन अपरिवर्तित बने रहे। इसके पहले करीब दो हफ्ते में पेट्रोल और डीजल दोनों के दामों में 10-10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। विमान ईंधन की कीमतों में हरेक महीने की पहली और 16वीं तारीख को संशोधन किया जाता है जबकि तेल कंपनियों को पेट्रोल और डीजल की कीमत में दैनिक आधार पर बदलाव करने की छूट है। एटीएफ की कीमतों में 16 मार्च को 18.3 फीसदी की भारी वृद्धि की गई थी। उसके बाद एक अप्रैल को भी इसके दाम में दो फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। बहरहाल कीमत में ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में एटीएफ की कीमत अब 1,11,981.99 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है जबकि कोलकाता में इसकी कीमत 1,17,753.60 रुपये और चेन्नई में 1,16,933.49 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 फीसदी आयात पर निर्भर भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में दर्ज की गई वृद्धि का नतीजा है। इसके अलावा महामारी से उबर रही अर्थव्यवस्था में तेल की मांग भी बढ़ रही है। किसी विमानन कंपनी की परिचालन लागत में करीब 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाले एटीएफ की कीमत भी इस साल लगातार बढ़ी है। इस साल अब तक हुई आठ मूल्य वृद्धि में एटीएफ के दाम 39,180.42 रुपये प्रति किलोलीटर तक बढ़ चुके हैं।

# सोना 53 हजार और चांदी 69 हजार के पार पहुंची




नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। इस हफ्ते सोने-चांदी में अच्छी तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते सोना 1,063 रुपए महंगा होकर 53,220 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में यानी 11 अप्रैल को ये 52,157 रुपए पर था। IBJA की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में भी अच्छी तेजी देखने को मिली है, और इसी का नतीजा है कि ये फिर एक बार 69 हजार के पार निकल गई है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 67,063 रुपए पर थी जो अब 69,316 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 2,253 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। अगर 2022 की बात करें तो इस साल अब तक सोना 3,878 रुपए महंगा हो गया है। 1 जनवरी को ये 48,279 रुपए प्रति 10 ग्राम में था जो अब 52,157 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की बात करें तो ये 62,035 रुपए से बढ़कर 69,316 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। IIFL सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और तेजी से बढ़ती महंगाई से सोने में अभी तेजी आई है। इसके चलते इंटरनेशनल मार्केट में सोना अगले 2-3 महीने में 2000 डॉलर के स्तर को पार कर सकता है। इससे साल के आखिर तक हमारे यहां सोना 55 हजार तक जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोना 1,974.8 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है।

# कीमतें बढ़ने के बाद पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का कम इस्तेमाल कर रहे भारतीय



नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 16 दिनों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बीच ईंधन की खपत में कमी देखी जा रही है। पेट्रोलियम उद्योग के ताजा आंकड़ों पर गौर करें तो भारतीय पेट्रोल डीजल का इस्तेमाल कम करने लगे हैं। खबरों के अनुसार, मार्च के पहले 15 दिनों के मुकाबले अप्रैल के पहले 15 दिनों में पेट्रोल की बिक्री करीब 10 फीसदी कम रही और डीजल की मांग 15.6 फीसदी घट गई है। इसी तरह 1 से 15 अप्रैल के बीच घरेलू रसोई गैस एलपीजी की खपत में भी मासिक आधार पर 1.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें करीब साढ़े चार महीने तक स्थिर रखने के बाद 22 मार्च को पहली बार बढ़ाई थीं। उसके बाद 6 अप्रैल तक के 16 दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल 10-10 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में भी 22 मार्च को 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद दिल्ली में गैर सब्सिडी वाला 14.2 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर 949.50 रुपये का हो गया है। विमान ईंधन एटीएफ भी नई मूल्य वृद्धि के बाद 1,13,202.33 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है।

# एफडीआई 7.5 लाख करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद



नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) 100 अरब डालर यानी करीब 7.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। उद्योग संगठन पीएचडी चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआइ) ने गुरुवार को यह उम्मीद जताई। संगठन ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में किए गए आर्थिक सुधारों और कारोबारी सुगमता की दिशा में उठाए गए कदमों के दम पर भारत चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डालर का एफडीआइ आकर्षित कर सकता है। उद्योग संगठन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक रहने की संभावना है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिंसों के दाम, खासतौर पर कच्चे तेल के दाम में जिस तरह की तेजी दिख रही है, उससे महंगाई खासा बढ़ने का भी खतरा बना हुआ है। पीएचडीसीसीआइ के अनुसार आर्थिक विकास को मजबूत करने और अगले पांच साल में 5 लाख करोड़ डालर की लक्षित इकोनॉमी का आकार हासिल करने के लिए भारत को कई कदम उठाने की जरूरत है। संगठन ने इसके तहत बुनियादी ढांचा क्षेत्र में किए जाने वाले निवेश में तेजी लाने, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ योजना में उद्योग के अधिक से अधिक क्षेत्रों को शामिल करने और कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने जैसी जरूरतों पर बल दिया है।

# 61 टेक्सटाइल कंपनियां करेंगी 19,077 करोड़ का निवेश, पैदा होंगी नौकरियां



नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के तहत टेक्सटाइल क्षेत्र में 61 कंपनियों के आवेदन मंजूर किए गए हैं। टेक्सटाइल सचिव उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि 67 कंपनियों ने आवेदन दिए थे। चयनित कंपनियां 19,077 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इस निवेश से प्रत्यक्ष रूप से 2.40 लाख नौकरियां निकलेंगी और 1,84,917 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना है। पीएलआइ स्कीम के तहत इन कंपनियों को पांच साल में प्रोत्साहन के रूप में 10,683 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। कंपनियों को हर वर्ष एक सीमा तक अपना उत्पादन और निर्यात बढ़ाना होगा। टेक्सटाइल सचिव ने बताया कि ये कंपनियां मुख्य रूप से मैन मेड फैब्रिक और अपैरल के उत्पादन के साथ टेक्निकल टेक्सटाइल का उत्पादन करेंगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश में आठ कंपनियां निवेश करेंगी, लेकिन बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में इस स्कीम के तहत कोई निवेश नहीं हो रहा है। पीएलआइ स्कीम के तहत सबसे अधिक गोवा ग्लास 1,654 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ट्राइडेंट का निवेश 1,609 करोड़, एमसीपीआइ का 1,383 करोड़ और शाही एक्सपोर्ट का 436 करोड़ का होगा। सिंह ने बताया कि चयनित कंपनियों को निवेश करने के लिए मार्च, 2024 तक समय दिया गया है। उसके बाद से पीएलआइ के पांच साल का समय शुरू होगा। सिंह ने बताया कि बुधवार को सरकार ने काटन के आयात को पूरी तरह से शुल्क मुक्त कर दिया है। ऐसे में काटन के दाम में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे काटन कपड़ों के दाम में भी राहत मिल सकती है। पिछले एक साल से काटन की कीमत लगातार बढ़ रही थी और उसे देखते हुए ही काटन पर लगने वाले आयात शुल्क को समाप्त किया गया है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# उड़ान लेडीज क्लब के जुगनी 'पंजाबियत मेरी शान' समारोह में महिलाओं ने जमाया रंग










लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। लुधियाना के उड़ान लेडीज़ क्लब की ओर से जुगनी (पंजाबियत मेरी शान) इवेंट का आयोजन पेडलर्स में किया गया। जिसमे हर कोई पंजाबी पहरावे और ट्रेडिशनल ज्वैलरी में दिखा। इवेंट में खास तौर पर डांस कंपटीशन का भी आयोजन किया। इस बैसाखी इवेंट में ढोल की धाप पर बोलियां डालते हुए हर कोई नाचने लगा। इवेंट में कई तरह के कंपटीशन किए उसके बाद विजेताओ को उपहार भी दिए। इवेंट में स्पेशल गेस्ट डांस कोरियोग्राफर अपूर्वा, डॉ. स्वाति, डॉ दीपिका रही। प्रेसिडेंट एकता नंदा को न्यू प्रेसिडेंट अनाउंस किया गया। -फोटो:विशाल ढल्ल

# बड़े पैमाने पर किया फेरबदल: आप सरकार ने किए 32 आईएएस अफसरों के तबादले

## नई सरकार का प्रशासनिक-मशीनरी में बदलाव




लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। जैसे कि कयास लगाए जा रहे थे, पंजाब में आप सरकार बनने के बाद ऊपरी स्तर पर प्रशासनिक-मशीनरी की 'ओवरहालिंग' शुरु हो गई हैं। जिसके तहत कुल 32 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं।जानकारी के मुताबिक लेबर व एनिमल हसबेंडरी जैसे महकमों की स्पेशल चीफ सेक्रेट्री श्रीमती रवनीत कौर को नई जिम्मेदारी के तौर पर स्पेशल चीफ सेक्रेटरी कम फाइनैंशल कमिश्नर के पद पर तैनात किया गया है। जबकि स्पेशल चीफ सेक्रेट्री कम फाइनेंशियल कमिश्नर विजय कुमार जंजुआ को स्पेशल चीफ सेक्रेट्री जेल लगाया गया है। इसी तरह एडीशनल चीफ सेक्रेट्री कम फाइनेंशियल कमिश्नर अनुराग अग्रवाल को इस जिम्मेदारी से मुक्त करके एडिशनल चीफ सेक्रेटरी कम फाइनेंशियल कमिश्नर लगाया गया है। इनके अलावा अन्य आईएएए वेणु प्रसाद, सीमा जैन, सर्वजीत सिंह, राजीव पी. श्रीवास्तव, केएपी सिन्हा, अनुराग वर्मा, केएस प्रसाद, विकास प्रताप, आलोक शेखर, धीरेंद्र कुमार तिवारी के महकमे भी बदले गए हैं। साथ ही तेजवीर सिंह, जसप्रीत तलवार, हुसन लाल, दिलीप कुमार, विवेक प्रताप सिंह, राजकमल चौधरी, अजॉय कुमार सिन्हा, राहुल भंडारी, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र कुमार मीणा, विकास गर्ग, सुमेर सिंह गुर्जर, नीलकंठ अवध, कमल किशोर यादव, रजत अग्रवाल, वरुण रुजम और मालविंदर सिंह जग्गी के भी महकमों में भी तब्दीली कर दी गई है।

# न्यू यंग फाइव स्टार क्लब का मां भगवती जागरण 23 अप्रैल को किंग पैलेस सुंदर नगर में



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ व मां वैष्णो देवी चेरिटेबल अस्पताल के सहयोग से 35वां मां भगवती जागरण 23 अप्रैल को किग पैलेस सुंदर नगर में धूमधाम से करवाया जाएगा। समारोह को लेकर बैठक शनिवार को दाल बाजार आदया में अध्यक्ष राजेश जैन बाबी व राजेश जैन मोनिका की अगुआई में हुई। बैठक में मां भगवती जागरण की तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर राजेश जैन बाबी व राजेश जैन मोनिका ने बताया कि क्लब द्वारा 35वां मां भगवती जागरण 23 अप्रैल को रात आठ बजे से प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। मां भगवती जागरण में प्रसिद्ध गायक अमेंद्र सिंह बाबी, शिष्य गुरदास मान, नीटू चंचल एंड पार्टी कैथल वाले महामाई का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर मां की पवित्र ज्योत ज्वाला जी से लाई जाएगी। इस दौरान राजेश जैन बाबी, राजेश जैन मोनिका, अमित गुप्ता, हरेंद्र हैंपी, राजीव जैन, हरेंद्र सिंह हैंपी, धीरज जैन, अमित जैन काका, अमन जैन, लवली भंडारी, सार्थक जैन, पुनीत जैन, सन्नी जैन, गौरव जैन, ममलेश जैन आदि शामिल थे।

# बास्केटबाल फेडरेशन आफ इंडिया के ओर लीग मैच संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। खेल व खिलाड़ियों को प्रफुल्लित करने के उद्देश्य से बास्केटबाल फेडरेशन आफ इंडिया के ओर आरंभ हुई तीन आन तीन युवा खिलाड़ियों के लिए एक बढ़िया प्लेटफार्म है, जो सेंटर स्टेज में आकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते है। यह उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी परमिदर सिंह हीरा ने गुरु नानक स्टेडियम के बास्केटबाल कांप्लेक्स में चल रही तीन आन तीन बास्केटबाल लीग के दौरान व्यक्त किए। इससे पहले पीबीए महासचिव तेजा सिंह धालीवाल व कोचों ने परमिदर सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर विशेष मेहमानों में मोहन जैन, गिरीश चोपड़ा का स्वागत पीबीए ने किया। इस अवसर पर तेजा सिंह धालीवाल ने कहा कि तीन आन तीन बेसिकल खिलाड़ियों की फिटनेस को मेंटन रखने का जरिया है, इससे एक तो खिलाड़ियों की फिटनेस ठीक रखती है और दूसरा खिलाड़ियों को तेज खेल का अनुभव कराती है।

# भाजपा ने सम्मेलन में दी ई-श्रम कार्ड के बारे में जानकारी




लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। भाजपा लुधियाना की तरफ से ई-श्रम कार्ड पर एक सम्मेलन का आयोजन भाजपा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंगल की अध्यक्षता में सनातन धर्मशाला में किया गया। इस सम्मेलन में विशेष रूप से पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष परवीन बंसल प्रवक्ता गुरदीप गोशा पहुंचे। ई-श्रम कार्ड जैसे कि आप सब जानते हैं कि ई-श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम योजना 2022 का शुभारंभ किया है। इस योजना के माध्यम से केंद्रीय सरकार गरीब मजदूर परिवारों को उनकी कुशलता के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा। ई-श्रम कार्ड 2022 का लाभ लेने के लिए लिए लाभार्थियों को यह ई-श्रम योजना सरकार द्वारा आपके लिए आने वाले दिनों में सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। ई-श्रम कार्ड वो लोग बनवा सकते है जो लोग 5 लाख रूपये से जायदा इनकम टैक्स धारक नहीं है या जो ईएसआई कार्ड धारक नहीं है उसे 12 रूपये में बिमा स्किम मुफ्त में किया जायेगा। भाजपा नेताओ ने बताया की ई-श्रम कार्ड का मुख्य उद्देश्य निर्माण श्रमिक, प्रवासी श्रमिक गिग और प्लेटफार्म श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिक आदि सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का केंद्रीकृत डेटाबेस का निर्माण करना है। ई-श्रम पोर्टल सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वियन में सुधार करने के उद्देश्य से भी आरंभ किया गया है और ई श्रम पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों को उनकी कौशल के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाएगा। ई-श्रम कार्ड धारक को 2 लाख रुपये का जीवन बीमा मिलेगा। भविष्य में पेंशन की सुविधा मिल सकती है। स्वास्थ्य इलाज में आर्थिक सहायता मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को अपने बच्चों के भरण-पोषण के लिए उचित सुविधा दी जाएगी। मकान निर्माण में सहायता के तौर पर धनराशि प्रदान की जाएगी।

### मान सरकार ने दिया जोर का झटका धीरे से

# अब बिजली दो माह में 600 यूनिट मुफ्त लेकिन 601 हुए तो बिल पूरा ही आएगा

लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। आखिरकार चुनावी वादा पूरा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को दो महीने में 600 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने का ऐलान कर दिया। हालांकि इस फ्री बिजली योजना में गौर करने पर कई पेंच भी नजर आ रहे हैं। मसलन, इस योजना के अनुसार पंजाब में अब हर उपभोक्ता को महीने 300 यूनिट बिजली प्रति महीना मुफ्त मिलेगी। चूंकि पंजाब में बिजली बिल का सर्किल दो महीनों का है, ऐसे में हर उपभोक्ता को छह सौ यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। जबकि जनरल केटेगरी के लोगों की खपत 600 यूनिट से एक भी यूनिट ऊपर आई तो पूरा बिल अदा करना पड़ जाएगा। इसके अलावा राज्य



सरकार ने एससी व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों को खास राहत दी है। दो किलोवाट से कम भार के बिजली कनेक्शन वाले एससी व पिछड़े वर्ग के लोगों और स्वतंत्रता सेनानियों को तीन सौ यूनिट प्रति माह मिलेगी। इन वर्गों के लोगों को दो माह में मिलने वाले बिजली बिल में 600 यूनिट से ज्यादा खपत पर केवल अतिरिक्त यूनिटों की ही बिजली का बिल देना होगा। गौरतलब है कि पहले इन वर्गों के लोगों को 200 यूनिट प्रति माह फ्री बिजली मिलती थी। अपनी सरकार के पहले महीने के कार्यकाल को पूरा होने के समय एक वीडियो मैसेज के जरिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने फ्री बिजली योजना का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हर परिवार को आगामी एक जुलाई से प्रति माह 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। एससी, बीसी, बीपीएल, स्वतंत्रता सेनानियों को पहले दो सौ यूनिट फ्री बिजली की मिलती थी अब इस बढ़ा कर 300 यूनिट कर दिया गया। अब लोगों को दो महीने में 600 यूनिट माफ होंगे।

# विधायक बग्गा ने किया मोहल्ला पीरु बंदा इलाके की सड़क का उद्घाटन



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। विधानसभा उत्तरी के वार्ड-84 स्थित मोहल्ला पीरु बंदा से हैबोवाल को जाने वाली रेलवे क्रासिंग तक बुड्ढे नाले के किनारे बनने वाली सडक़ के नवनिर्माण कार्य का उद्घाटन विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने पार्षद लाला अटवाल भी मौजूदगी में किया।
बग्गा ने करीब 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 30 वर्षो से विकास के रुप में पिछड़े विधानसभा उत्तरी के अंतिम छोर तक विकास की खुशबू पंहुचाना ही आप सरकार का मकसद है। चुनावी वायदे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से एक जुलाई से 300 यूनिट घर मुफ्त बिजली देने की घोषणा का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि पंजाब में सरकार गठन के 30 दिन के भीतर चुनावी वायदे पूरे करने की कवायद शुरु करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार देश की ऐसी पहली सरकार है, जिसने चुनाव से पूर्व राज्य की जनता को दी गई पहली गांरटी को पूरा कर दिखाया है।

# 71 साल पुराने हनुमान मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

लुधियाना/ यूटर्न / 16 अप्रैल। शहर के खुडड़ मोहल्ला स्थित नौलखा कालोनी का 71 साल पुराना श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। 15 जून 1951 को इलाका निवासी मनसा राम खन्ना, राम लाल भसीन, नानक चंद और सतपाल होड़ा ने मंदिर की स्थापना में अहम भूमिका निभाई और श्री हनुमान जी की सुंदर प्रतिमा स्थापित करवाई। मान्यता है कि इस पुराने मंदिर में हर किसी की मुराद पूरी होती है और यही कारण है कि पुराने शहर में यह मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। हनुमान जी के बाद जब मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ना शुरू हुआ



तो इसमें श्री राम दरबार, श्री दुर्गा माता, श्री राधा कृष्ण, श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी नारायण और श्री शिव परिवार की स्थापना करवाई गई। मंदिर के पंडित दीपक वशिष्ठ ने बताया कि वैसे तो मंदिर में रोजाना विधिवत तरीके से पूजा अर्चना होती है, लेकिन त्योहार के मौके पर विशेष सज्जा की जाती है। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भी विशेष कार्यक्रम होंगे। मंदिर को विशेष तौर पर सजाने के अलावा भजन संध्या भी होगी। मंदिर प्रमुख पंडित भीम सेन ने मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर एक स्कूल बनवाया, जिसमें इलाके के बच्चों को फ्री शिक्षा दी जाने लगी।

### क्रिकेटर हरभजन सिंह द्वारा उठाया नेक कदम

# किसानों की बेटियों की शिक्षा पर खर्च करेंगे तनख्वाह

नवीन गोगना

चंडीगढ़ / यूटर्न / 16 अप्रैल। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य बने पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि वह राज्यसभा से मिलने वाली सैलरी को किसानों की बेटियों की शिक्षा और भलाई के लिए खर्च करेंगे। हरभजन भज्जी ने कहा कि वह राष्ट्र की बेहतरी के लिए जो हो सकेगा, जरूर करेंगे। हरभजन सिंह कुछ समय पहले ही आम आदमी पार्टी से पंजाब से राज्यसभा के सांसद चुने गए हैं। हरभजन सिंह को पंजाब से आम आदमी पार्टी ने सांसद बनाने के लिए चुना तो उस पर खूब बवाल हुआ था। किसान आंदोलन को लेकर भी भज्जी की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे थे कि उन्होंने खुलकर



किसानों का समर्थन नहीं किया। भज्जी इस वक्त आईपीएल 2022 में कमेंट्री कर रहे हैं। जालंधर के रहने वाले हरभजन सिंह की पहले भाजपा में शामिल होने की चर्चा थी। यहां तक कि पंजाब चुनाव में उन्हें सीएम फेस बनाने की तैयारी थी। हालांकि पंजाब में हालात देख भाजपा इससे पीछे हट गई। इसके बाद पंजाब कांग्रेस के तत्कालीन प्रधान नवजोत सिद्धू भज्जी से मिले। तब पूरी उम्मीद थी कि भज्जी कांग्रेस में शामिल होंगे। हालांकि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे। इसके बाद अचानक वह आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और आप ने उन्हें पंजाब से राज्यसभा भेज दिया।

**23 साल खेली क्रिकेट**

**हरभजन सिंह ने अपना पहला टेस्ट मैच 1998 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट 2015 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वहीं भज्जी ने अपना पहला वनडे मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 1998 में खेला था। उनका आखिरी वनडे मुकाबला 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ था।**

### पुलिस चौकी में आप विधायक कुलजीत रंधावा की रेड

# दोस्तों के साथ अंदर बैठकर शराब पी रहा इंचार्ज धराया, मेडिकल जांच के बाद सस्पेंड

चंडीगढ़ / यूटर्न / 16 अप्रैल। शनिवार को पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक कुलजीत रंधावा ने पुलिस चौकी में शराब की महफिल पकड़ ली। पुलिस चौकी का इंचार्ज ही अपने दोस्त और 2 कर्मचारियों के साथ शराब पी रहा था। इसके बाद उन्होंने तुरंत चौकी इंचार्ज की मेडिकल जांच करवाई। कोई गड़बड़ी न हो, इसलिए सरकारी के साथ एक सैंपल उन्होंने जांच के लिए प्राइवेट लैब में भी भिजवाया है। मामला सीनियर अफसरों तक पहुंचने के बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया। हालांकि चौकी इंचार्ज की तरफ से इस मामले में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।



डेरा बस्सी से आप विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बताया कि वह किसी धार्मिक समागम में गए थे। वहां से रात करीब 9 बजे वापस लौटने लगे तो रास्ते में मुबारकपुर पुलिस चौकी दिखी। अपने क्षेत्र में पुलिस की मुस्तैदी की जांच करने के लिए वह पुलिस चौकी के अंदर चले गए। वहां चौकी इंचार्ज गुलशन कुमार शर्मा अपने एक दोस्त और 2 कर्मचारियों के साथ शराब पी रहा था। जब उन्होंने शराब पीने के बारे में पूछा तो वह उलट मुझसे ही पूछने लगा कि आप कौन हो? तभी मौका पाकर 2 पुलिस कर्मचारी वहां से भाग निकले। इसके बाद उन्होंने तुरंत सीनियर अफसरों को इसके बारे में सूचना दी। फिर वह चौकी इंचार्ज को लेकर अस्पताल गए। जहां उसकी मेडिकल जांच करवाई गई। रंधावा ने वहां से एक सैंपल सरकारी और एक प्राइवेट में भी जांच के लिए भिजवाया। उन्होंने कहा कि पहले भी 2 बार चौकी इंचार्ज को चेतावनी दी जा चुकी थी कि वह शराब पीकर ड्यूटी न करे।

# 7 हजार से ज्यादा प्रतिबंधित गोलियां व अवैध शराब जब्त

पटियाला/ यूटर्न / 16 अप्रैल। शनिवार को पटियाला की सिटी पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से 7400 प्रतिबंधित नशीली गोलियां और 15 बोतल अवैध शराब बरामद की है। सिटी थाना में तैनात सहायक थानेदार मालविंदर सिंह ने बताया वह पुलिस पार्टी के साथ गांव ढैंठल केटी-प्वाइंट के पास मौजूद थे। एक स्कूटी सवार पुरुष व महिला को शक के आधार पर रोका। स्कूटी की चेकिंग के दौरान 7400 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की गई। पुलिस ने स्कूटी सवार मक्खन सिंह पुत्र तेजा सिंह वार्ड नंबर-05 डाकघर वाली गली भीखी जिला मानसा और रिंपी पत्नी जंटा सिंह निवासी गांव खलीर पत्ती शेरपुर जिला संगरूर को गिरफ्तार करके केस दर्ज कर लिया है। एक अन्य मामले में सिटी



थाना में तैनात हवलदार धर्मेंद्र सिंह ने बताया वह पुलिस पार्टी के साथ वड़ैचा पत्ती के पास मौजूद थे। पुलिस को सूचना मिली कि वड़ैचा पत्ती निवासी जसवीर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह अवैध शराब निकालकर बेचने का काम करता है। पुलिस ने जसवीर सिंह के घर में छापामारी की। वहां से 15 बोतल अवैध शराब बरामद कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# सेमिनार में स्ट्रेसफुल लाइफ को कम करने के लिए महिलाओं को दिए टिप्स



चंडीगढ़ / यूटर्न / 16 अप्रैल। लुधियाना के पवेलियन मॉल एफ बार में शिखा वर्मा द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में स्ट्रेसफुल लाइफ को कम करने के विषय में डिस्कशन की गई। उन्होंने महिलाओं को कुछ मोटिवेशन थेरेपीज के बारे में बताया। जीडी प्रताप ने महिलाओं को फिजियोथेरेपी टेक्नीक्स के बारे में बताया। रूबी शर्मा ने स्ट्रेस कम करने के टिप्स दिए। इस सेमिनार करने का मकसद यह था कि हमे हमेशा पॉजिटिव रहना चाहिए पॉजिटिव रहने से हर एक मुश्किल का हल निकल जाता है। -फोटो: विशाल ढल्ल

## खबर जरा हटके


# डायरीः मध्य प्रदेश का यादगार सफर



लुधियाना / यूटर्न / 16 अप्रैल। यह उनके घर हैं, जिन्हें हम व्यवहारिक भाषा में जंगली कहते हैं। ये सामाजिक भाषा में आदिवासी और राजनीतिक इस्तेमाल की भाषा में वनवासी कहलाते हैं। बेहद मामूली चीज़ों से लिपे-पुते, साफ-सुथरे से घर जैसे हमेशा नहाए-धोए से लगते हैं। हमारे-आपके आधुनिक घरों में मार्बल या सिरेमिक टाइल्स की फर्श पर धूल मिल जाएगी। जबकि इनके मिट्टी के घरों के फर्श पर धूल भी नहीं मिल सकती, नंगे पैर जाइए और वैसे के वैसे एक कूल-टाइप एहसास लेकर निकल आइए। इनके घर सादगी और सहजता की छाप लिए होते हैं। ऐसा लगता है कि ये हमेशा किसी मेहमान का इंतज़ार कर रहे हैं। सतना से कटनी यात्रा की शुरआत करते ही इन घरों ने मेरा ध्यान खींचा था और फिर उमरिया, डिंडोरी, मंडला छिंदवाड़ा, बालाघाट के ट्राइबल इलाकों में तो पूरे रास्ते में इन्हें ही देखती रही। ज़िन्दगी कम से कम सामान, कम से कम यादों, कम से कम उम्मीदों और कम से कम तैयारियों के साथ जीनी चाहिए।

*-(साभार : वीना राना, प्रोग्रेसिव-एक्टिविस्ट, लखनऊ)*

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हैं बजरंगबली

**इस संसार** में सबसे बड़े भक्त है भगवान हनुमानजी, वे ऐसे भक्त हैं जो अपने भक्तों को ईश्वर से मिलाते हैं। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली, जागृत एवं सजीव देवता माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। हनुमानजी के पराक्रम की असंख्य गाथाएँ प्रचलित हैं। इन्होंने जिस तरह से राम के साथ सुग्रीव की मैत्री कराई और फिर वानरों की मदद से असुरों का मर्दन किया, वह अत्यन्त प्रसिद्ध है। उनको बजरंगबली, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। उन्हें मारुतिनंदन इसलिये कहा जाता है वे हवा के बेटे हैं। मारुत का अर्थ हवा है। नन्दन का अर्थ बेटा है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना




उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। हनुमान तटस्थ नहीं हैं। जब समाज में धर्म की हानि हो रही हो, अधर्म पुष्ट हो रहा हो, सज्जन कष्ट झेल रहे हो, दुर्जन आनन्द भोग रहे हो, राक्षस-शक्तियां हावी हो रही हो, ऐसे में हनुमान तटस्थ कैसे रह सकते थे। उन्होंने तो राक्षसी एवं दुराचारी शक्तियों को नाश करने के लिये ही जन्म लिया।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता।

# यीशु मसीह का संदेश और उसका रहस्य

**आज से** करीब 2020 वर्ष पूर्व 25 दिसंबर को ईसा मसीह का जन्म फिलिस्तीन मै जेरूसलम के बेथलेम नामक गाव मै हुआ था। उनके पिता का नाम जोसफ और मा का नाम मरियम था। येशु के जन्म से पूर्व मरियम और जोसफ नाजरथ जो की आज के इजरायल मै है उस शहर मै रहते थे। दोस्तो जिस प्रकार महाभारत मै महर्षि दुर्वासा द्वारा कुंती को कर्ण के जन्म का वरदान मिला था ठीक उसी प्रकार मरियम को एक दिन स्वर्गदुत गैब्रियल ने दर्शन दे कर कहा कि ₹प्रणाम, कृपापूर्ण प्रभु आपके साथ है, जल्द ही आप ईश्वर की माता बनने वाली हैं। प्रभु के दूत गैब्रियल का यह संदेश सुनकर मरियम और जोसफ प्रसन्न हुए। कुछ महीनों के बाद राजा के आदेश पर उन्हें जनगणना के लिए जेरूसलम जाना पड़ा। किन्तु रात्रि बिताने के लिए जगह न मिलने के कारण उन्होंने घोड़ों के अस्तबल मै रात बिताने का निर्णय लिया। इसी अस्तबल मै अर्ध रात्रि के समय येशु का जन्म हुआ। उस काल मै यहूदियों का राजा महान रोमन हेरोद था। हेरोद बेहद क्रूर और अत्याचारी शासक था। जब ईसा मसीह का जन्म हुआ उस रात खेतों में कुछ गडरिए भेड़ों के झुंड की रखवाली कर रहे थे। एक फरिश्ते ने उनके सामने आकर ईश्वर के पुत्र के जन्म की बात कही। तब वे सभी भगवान येशु मसीह के दर्शन करने पहुंच गए। इसके उन्होंने यह बात पुरे राज्य मै फैला दी। कुछ समय बाद पूर्वी देश के 3 सज्जन आदमियों को आसमान में एक तारा दिखा इस तारे को क्रिसमस का तारा भी कहा जाता है। इस तारे का पीछा करते हुए वे सज्जन चल पड़े। चलते चलते वे जुड़िया के रहा हेरोद के पास जाकर पहुंचे जब हेरोद को पता चला कि यहूदियों का नया राजा जन्म ले चुका है तब उसने उन सज्जनों से कहा कि वे येशु को पूजना चाहते है इसलिए वापस लौटते वक्त वे यीशु के स्थान का पता बता कर जाए।



लेकिन परमेश्वर के दूत ने उन तीनों को आकर सत्य बात बता दी तब वे बिना हेरोद को मिले है अपने गांव वापस चले गए। इधर दूसरी और हेरोद गुस्से से तिलमिला उठा और उसने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे बैथलेम जाकर सभी नवजात शिशुओं की हत्या कर दे। इधर बैथलेम मै उसी रात जोसफ को सपना आया कि राजा हेरोद ईसा मसीह को मारने के लिए आ रहा है इसलिए को अपने परिवार समेत जल्द से जल्द बैथलेम को छोड़कर इजिप्त चला जाए। सुबह होते ही जोसफ अपने परिवार के साथ इजिप्ट की और चल पड़ा। इसके बाद जब ईसा पूर्व 4 मै हेरोद की मृत्यु हुई तब वे अपने गांव नाजरथ लौट आए।

यहां आने के बाद येशु ने अपने पिता से बढ़ई का काम सीख लिया। लगभग 30 साल की उम्र तक वे उसी गांव में रहकर भी बढ़ई का काम करते रहे। दोस्तो बाईबल मै ईसा मसीह के 13 से 29 वर्ष की उम्र मै क्या हुआ इसका उल्लेख नहीं किया गया है। लेकिन कहा जाता है इस समय मै वे भारत आए थे और भारत आकर उन्होंने शिक्षा ग्रहण की थी इसा मसीह कश्मीर के शालीवाहन राजा से भी मिले शालीवाहन ने जब उनके बारे में जाना तब उन्होंने ने उनसे कहा के वे अपने देश वापस जाकर लोगो को पवित्रता और क्षमा का महत्व समझाए। ईसा मसीह जेरूसलम जाकर लोगो को शिक्षा और प्रेम का संदेश देना आरम्भ किया। उन्होंने लोगो से कहा कि हम सभी परमेश्वर कि संताने है और हमें क्रोध में आकर बदला नहीं लेना चाहिए बल्कि अधिकाधिक क्षमा करना चाहिए। अपने जीवन काल मै उन्होंने कई चमत्कार किए। अनेक लोगो की बीमारियां प्रार्थना के जरिए ठीक की।

इधर दूसरी और यहूदियों के धर्म गुरुओं ने ईसा मसीह का भरी विरोध शुरू कर दिया। ईसा का खुद को ईश्वर का पुत्र बताना उनके लिए भारी पाप था। और इस बात की शिकायत उन्होंने उस वक्त के रोमन गवर्नर पितालूस को कर दी। रोमनोको हमेशा यहूदियों की क्रांति का डर सताता था। इस कारण बहुसंख्य कट्टर पंथीयो को खुश करने के लिए पितालुस ने ईसा मसीह को कृस पर मौत की दर्दनाक सजा सुना दी। मृत्यु से पूर्व उनपर अनेक जुल्म ढाए गए। उन्हें कोडो से मारा गया। उनके सिर पर काटो का ताज पहनाया गया। हाथ और पैरों मै किल ठोककर उन्हें क्रॉस पर लटका दिया गया। यह दिन शुक्रवार का था। बाईबल के अनुसार मृत्यु के 3 दिन बाद ईसा पुनर्जीवित हो गए । इस घटना को इस्टर के रूप मै मनाया जाता है और इसके 40 दिन बाद वे सीधे स्वर्ग चले गए थे। कहा जाता है कि सूली पर 6 घंटे लटकने के बाद आखिर के 3 घंटों के दौरान पूरे राज्य मै अंधकार छा गया।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA


# रूट ने छोड़ी इंग्लैंड टेस्ट टीम की कमान

## रूट की कप्तानी में आखिरी 17 मुकाबलों में केवल 1 जीत सका था इंग्लैंड



इंग्लैंड। इंग्लैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान जो रूट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 2017 में एलस्टेयर कुक के कप्तानी छोड़ने के बाद जो रूट ने यह जिम्मेदारी संभाली थी। इंग्लैंड के लिए उन्होंने 64 टेस्ट मैचों में कप्तानी की, जिनमें 27 बार टीम जीती। रूट की कप्तानी के दौरान आखिरी 17 टेस्ट मुकाबलों में इंग्लैंड केवल एक मैच जीत सका था। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की हार के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ने का निर्णय लिया। रूट ने अपने बयान में कहा है- मैं देश के लिए खेलना जारी रखूंगा और आगे आने वाले कप्तान की मदद को हमेशा तैयार रहूंगा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली मशहूर एशेज सीरीज में 0-4 की हार झेलने के बाद रूट को कप्तानी से हटाने की मांग तेज हो गई थी। इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ी रूट की कप्तानी की आलोचना कर रहे थे। एशेज सीरीज के बाद वेस्टइंडीज के दौरे पर गई इंग्लिश टीम भी 0-1 से सीरीज गंवा बैठी। इसके बाद लगभग तय हो गया था कि रूट का टेस्ट कप्तानी करियर अब समाप्ति की ओर है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इसी साल फरवरी में कोच क्रिस सिल्वरवुड को बर्खास्त किया था।

इसका कारण भी एशेज सीरीज और 2021 में टीम का खराब प्रदर्शन रहा था। इसके बाद से ही समझा जा रहा था कि अगली बारी रूट की है। जो रूट ने अपनी कप्तानी छोड़ने पर कहा, 'वेस्टइंडीज से लौटने के बाद मैंने इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने का मन बना लिया था। यह मेरे करियर का लिया गया अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है। इसके लिए मैंने अपने परिवार और करीबियों से बात की और फिर इस निर्णय पर पहुंचा। मैं जानता हूं कि कप्तानी छोड़ने का यह सही समय है। मैं अपने देश के लिए खेला और पिछले 5 सालों तक टीम की कप्तानी की, इस पर मुझे गर्व है। मैंने जो भी किया, यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है।

# चेन्नई में हो सकती रैना की वापसी



सुरेश रैना की चेन्नई सुपर किंग्स में वापसी हो सकती है। दीपक चाहर के IPL के 15 वें सीजन से बाहर होने के बाद उनकी जगह पर रैना को शामिल किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक रैना से बातचीत चल रही है, पर अभी इस पर फैसला नहीं हो पाया है। रैना को आईपीएल में कोई खरीदार नहीं मिला था। रैना पिछले सीजन तक चेन्नई सुपर किंग्स के ही हिस्सा थे। चेन्नई ने उन्हें रिटेन नहीं किया था। वहीं ऑक्शन में भी किसी फ्रेंचाइजी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये था। चेन्नई सुपर किंग्स के सूत्रों के मुताबिक, आईपीएल की कमेंट्री कर रहे सुरेश रैना को CSK फिर से अपने साथ जोड़ सकती है। दरअसल अंबाती रायडू का प्रदर्शन इस सीजन में अच्छा नहीं रहा है। रायडू अब तक खेले 5 मैचों में 20.50 की औसत से 82 रन बनाए हैं। चेन्नई को 5 मैचों में से अब तक केवल 1 मैच में ही जीत मिली है। दीपक चाहर इंजरी की वजह से शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाए थे। माना जा रहा था कि वह आईपीएल के बीच में वापसी कर सकेंगे।

उन्हें नेशनल क्रिकेट एकेडमी में प्रैक्टिस के दौरान फिर से चोट लग गई। ऐसे में वह आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने दीपक चाहर को 14 करोड़ रुपये में आईपीएल मेगा ऑक्शन में खरीदा था।

# मौनी रॉय ने बिखेरा अपने हुस्न का जलवा



एक्ट्रेस मौनी रॉय ने न केवल छोटे पर्दे पर, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बनाई है। मौनी, टीवी जगत की सबसे हॉट और ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी कोई न कोई तस्वीर या वीडियो शेयर करती हैं। मौनी की तस्वीरों और वीडियोज का उनका फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में मौनी ने अपनी कुछ दिलकश तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। ये तस्वीरें इंटरनेट पर आग की तरह फैल गयी हैं। मौनी के फैंस तस्वीरें देखकर खुद को उनकी तारीफ किए बिना नहीं रोक पा रहे हैं। हाल ही में मौनी रॉय ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मौनी हरे रंग के शिमरी लहंगे में बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं। खुले बालों और स्मोकी मेकअप से मौनी अपने फैंस के दिल का करार लूटती नजर आ रही हैं। उन्होंने गले में नेकलेस और कानों में झुमके पहने हैं। सबकी निगाहें मौनी के डीप नेक ब्लाउज और पतली कमर पर अटक गई है। इन तस्वीरों को देखकर मौनी की खूबसूरती से नजरें हटाना मुश्किल है। मौनी के फैंस को उनका यह अवतार काफी पसंद आ रहा है। इस आउटफिट में मौनी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। सोशल मीडिया यूजर्स मौनी की इन तस्वीरों पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने मौनी की तारीफ करते हुए लिखा, हमेशा की तरह खूबसूरत लग रही हो। वहीं, एक अन्य फैन ने कमेंट किया, क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो। अगर वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों ज़ी टीवी के शो 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' को जज करती नजर आ रही हैं।

# यूलिया का 'तेरा था तेरा हूं' सांग रिलीज



यूलिया वंतूर अपने एक नए सोलफुल लव सॉन्ग के साथ समाने आई है। इस गाने के बोल है 'तेरा था तेरा हूं', जो म्यूजिशियन और सिंगर अर्जुन कानूनगो ने साथ उनकी पहली कोलैबोरेशन भी है। इस गाने के लीरिक्स कुणाल वर्मा के है, वहीं अर्जुन कानूनगो ने इसका म्यूजिक तैयार किया है। 'तेरा था तेरा हूं' में यूलिया वंतूर के साथ अर्जुन कानूनगो नजर आ रहे हैं, गाने के विसुअल्स और अवाज की इतनी सूदिंग है कि दर्शक उसमें डूबने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। केरल के खूबसूरत बैक वाटर्स पर शूट किए गए इस गाने को हैदर खान द्वारा डायरेक्ट किया गया है। गाने वहां के कल्चरल एलीमेन्ट्स से भरा हुआ है, जिसमें आपको प्रेमियों के बीच की बेहद ही खूबसूरत फेयरी टेल देखने मिलेगी। इस सिंगल में यूलिया वंतूर ने डिजाइनल एशले रेबेलो के मोनोक्रोम पैलेट स्टाइल को कैरी किया है और जिसमें वो हर बार की तरह इस बार भी गजब ढा रही हैं।

# रिया का दिखा गॉर्जियस अंदाज



रिया चक्रवर्ती

बॉलीवुड की सबसे चर्चित एक्ट्रेसेस में से एक हैं। पिछले 2 सालों में रिया चक्रवर्ती कई वजहों के चलते सुर्खियों में रही हैं। हालांकि लाइफ में बीत चुके नेगेटिव फेज से आगे बढ़ते हुए रिया अब एक खूबसूरत और पॉजिटिव लाइफ की तरफ आगे बढ़ रही हैं। इन दिनों रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हो गई हैं। अक्सर इंटरनेट पर रिया की बेहद खूबसूरत और गॉर्जियस तस्वीरें फैंस के होश उड़ाने का काम करती हैं। एक बार फिर रिया चक्रवर्ती अपने लेटेस्ट स्टाइलिश लुक से फैंस के दिलों पर राज कर रही हैं। अपनी खूबसूरत स्माइल और स्टाइलिश लुक से रिया चक्रवर्ती अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। एक बार फिर रिया का बेहद गॉर्जियस अंदाज छाया हुआ है। दरअसल इंसटैंटबॉलिवुड के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल से रिया चक्रवर्ती का लेटेस्ट वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में रिया बहुत ही ग्लैमरस और स्टनिंग लुक में नजर आ रही हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि डेनिम टॉप और स्लिट डेनिम फ्लेयर्ड जींस में रिया कमाल की लग रही हैं। उन्होंने डबल डेनिम को ऐसे कैरी किया जैसे कोई और नहीं कर सकता। अपने इस डेनिम लुक को कंप्लीट करने के लिए रिया ने सिल्वर कलर का साइड स्लिंग बैग कैरी किया हुआ है। इसके अलावा खुले हुए बाल और काले चश्मे में वे बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। सोशल मीडिया पर रिया चक्रवर्ती का ये लेटेस्ट स्टनिंग लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है

खुद बोलती तस्वीर



हैदराबाद के आर्टिस्ट परवीन कुमार की वाटर-कलर से बनी थ्री-डी आर्ट...

## सोनिया के घर कांग्रेस नेताओं की इमरजेंसी मीटिंग

### प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने पर सस्पेंस बरकरार



नई दिल्ली / यूटर्नः कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर पार्टी नेताओं की 4 घंटे तक इमरजेंसी मीटिंग चली। मीटिंग में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) भी शामिल हुए। पीके ने इस दौरान कांग्रेस को देशभर में मजबूत करने के लिए एक प्रेजेंटेशन भी दिया। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में पीके ने 2024 को लेकर प्रजेंटेशन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक कमेटी बनाने की घोषणा की है। कमेटी एक हफ्ते में रिपोर्ट देगी। इससे पहले, मीटिंग में पहुंचे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मीटिंग क्यों बुलाई गई है, इसके बारे में मुझे कुछ भी जानकारी नहीं है। वहीं मीटिंग में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पहुंचकर सबको चौंका दिया। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर पार्टी के 10 से ज्यादा नेताओं को बुलाया गया है। इनमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, एके एंटोनी, दिग्विजय सिंह, अजय माकन, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक, पी. चिदंबरम और रणदीप सुरजेवाला मौजूद रहे। कांग्रेस की हाईलेवल मीटिंग में पहली बार प्रशांत किशोर शामिल हुए। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि गुजरात चुनाव को लेकर भी बैठक में रणनीति बन सकती है। पिछले दिनों खबर आई थी कि पीके ने कांग्रेस हाईकमान से गुजरात में साथ काम करने की पेशकश की है। वे पार्टी में शामिल होंगे, इस पर फैसला नहीं हो सका है। दैनिक भास्कर से विशेष बातचीत में पीके ने कहा था कि भविष्य में आगे क्या करूंगा, इस पर 2 मई तक फैसला कर लूंगा। पीके ने साथ ही दोहराया था कि अब चुनावी रणनीति बनाने के फील्ड में नहीं रहूंगा। बुधवार को गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने हाईकमान पर फैसला नहीं ले पाने का आरोप लगाया था।

## पीएम मोदी ने किया मोरबी में बनी 108 फीट की हनुमान मूर्ति का अनावरण

### मोदी बोले- हनुमान ने हमेशा सफलता का श्रेय भगवान राम को दिया



मोरबी / यूटर्नः हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को गुजरात के मोरबी में भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण किया। PM ने कहा कि हनुमान जी अपनी भक्ति से, अपने सेवाभाव से, सबको जोड़ते हैं। हर कोई हनुमान जी से प्रेरणा पाता है। हनुमान वो शक्ति और सम्बल हैं, जिन्होंने समस्त वनवासी प्रजातियों और वन बंधुओं को मान और सम्मान का अधिकार दिलाया। इसलिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के भी हनुमान जी एक अहम सूत्र हैं। PM ने कहा कि रामकथा का आयोजन देश के अलग-अलग हिस्सों में किया जाता है। कथा के दौरान भाषा-बोली जो भी हो, लेकिन रामकथा की भावना सभी को जोड़ती है, प्रभु भक्ति के साथ एकाकार करती है। इसने गुलामी के मुश्किल कालखंड में भी अलग अलग हिस्सों और अलग अलग वर्गों को जोड़ा, आजादी के राष्ट्रीय संकल्प के लिए एकजुट प्रयासों को सशक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के मुताबिक, भगवान हनुमान से संबंधित चार धाम परियोजना के तहत देश के चारों दिशाओं में हनुमान की मूर्ति स्थापित की जानी है। इस कड़ी में यह हनुमान की दूसरी मूर्ति है, जो पश्चिम दिशा में है। मूर्ति की स्थापना मोरबी के बापू केशवानंद आश्रम में की गई है। इस श्रृंखला की पहली मूर्ति साल 2010 में उत्तर में शिमला में स्थापित की गई है। इसे बनाने में 1.9 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया है कि तीसरी मूर्ति का काम शुरू हो गया है।

तीसरी मूर्ति दक्षिण में रामेश्वरम में में स्थापित की जानी है। हरीश चंदर नंदा एजुकेशन ऐंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ये प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मोरबी के बेला गांव के पास खोखराधाम में हनुमान जी की प्रतिमा के अनावरण के साथ भव्य रामकथा का आयोजन किया गया है। यह कथा शुक्रवार से शुरू हुई। कथा के पहले दिन बेला गांव से 3 हाथियों, 51 घोड़ों की बग्घी और बारात लेकर जुलूस निकाला गया।

## प्रयागराज में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या



प्रयागराज / यूटर्नः प्रयागराज में शुक्रवार देर रात एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। वारदात नवाबगंज थाना क्षेत्र के खागलपुर गांव की है। पत्नी और 3 बेटियों को धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा गया है। वहीं, पति का शव आंगन के जाल से फांसी पर लटका मिला। पति के शरीर पर हथियार के जख्म तो नहीं हैं, लेकिन हाथ और बनियान पर खून के छीटें मिले हैं। दरवाजे पर खून से सना चापड़ मिला है। मृतकों की शिनाख्त पति राहुल तिवारी (42), पत्नी प्रीति (38) और तीन बेटी माही, पीहू और पोहू के रूप में हुई है। पुलिस को आशंका है कि पति ने पहले पत्नी और 3 बेटियों की हत्या की। इसके बाद खुद फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं, मृतक राहुल की बहन का आरोप है कि उसका ससुराल वालों से काफी विवाद चल रहा है। ससुराल वालों ने ही हत्या को अंजाम दिया है। एसएसपी अजय कुमार ने कहा कि घर से दो पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। नोट में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्हें घटना का कारण बताया है। साथ ही ससुराल पक्ष से मकान और खेत का विवाद भी बताया है। ससुराल पक्ष और उनसे संबंधित लोगों के नाम भी लिखे हैं। इस पूरे प्रकरण में मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चार लोगों को नामजद किया गया है।

### पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में हंगामा

## डिप्टी स्पीकर को मारे थप्पड़, बाल भी खींचे



पंजाब। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की विधानसभा में शनिवार को नया मुख्यमंत्री चुनने से पहले हंगामा हो गया। इमरान खान और शहबाज शरीफ की पार्टी के विधायकों समेत अन्य पार्टियों के नेताओं के बीच मारपीट हो गई। असेंबली के डिप्टी स्पीकर सरदार दोस्त मुहम्मद मजारी के साथ भी बदसलूकी की गई और थप्पड़ मारे गए। पंजाब विधानसभा का सत्र सुबह 11:30 बजे शुरू होना था, लेकिन मारपीट के चलते कार्यवाही शुरू नहीं हो पाई है। दरअसल, PTI सदस्य सदन में 'लोटा' लेकर आए और पार्टी से अलग हुए विधायकों पर 'लोटा, लोटा' चिल्लाने लगे। इस पर PML-N नेता भड़क गए और दोनों गुटों में मारपीट हो गई। इस दौरान सत्र के लिए विधानसभा पहुंचे डिप्टी स्पीकर मजारी पर ट्रेजरी बेंच के लोगों ने हमला बोल दिया। हालांकि, मजारी को असेंबली गार्ड्स ने फौरन उनके चेंबर में शिफ्ट कर दिया। दरअसल, पाकिस्तान में लोटा उन नेताओं को कहा जाता है जो मौका परस्त होते हैं और अपना फायदा देखकर पाला या पार्टी बदल लेते हैं। बता दें कि पंजाब की सत्ता के लिए दो उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर है।

हमजा शहबाज PML-N और उनके गठबंधन की तरफ से उम्मीदवार हैं। वहीं, PML-Q के नेता परवेज इलाही को इमरान खान की पार्टी PTI का समर्थन मिला हुआ है। इससे पहले बुधवार को लाहौर हाईकोर्ट ने हमजा शहबाज के जल्दी चुनाव कराने और डिप्टी स्पीकर की पावर को बहाल करने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने डिप्टी स्पीकर को 16 अप्रैल को चुनाव कराने के आदेश दिए थे। बता दें कि पाकिस्तान की संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार से इस्तीफा ले लिया था। 1 अप्रैल को गवर्नर को इस्तीफा देने के बाद से पंजाब में CM की कुर्सी खाली है।

## मुंबई में एक ही पटरी पर आई पुडुचेरी और गडग एक्सप्रेस, पुडुचेरी के 3 डिब्बे पटरी से उतरे



मुंबई / यूटर्नः मुंबई के माटुंगा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार देर रात करीब पौने 10 बजे रेल हादसा हो गया। एक ही ट्रैक पर आने से पुडुचेरी एक्सप्रेस (11005) और गडग एक्सप्रेस (11139 ) एक-दूसरे से टकरा गई। हादसे में दादर से पुडुचेरी जा रही पुडुचेरी एक्सप्रेस के 3 डिब्बे बेपटरी हो गए। राहत की बात ये है कि इस ट्रेन हादसे में अभी तक किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। सेंट्रल रेलवे के CPRO शिवाजी एम. सुथार ने बताया कि पुडुचेरी एक्सप्रेस दादर से तो वहीं गडग एक्सप्रेस सीएसटी से रवाना हुई थीं। माटुंगा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक नहीं बदलने के कारण गडग एक्सप्रेस भी पुडुचेरी एक्सप्रेस के ट्रैक पर आ गई, जिसके कारण दोनों ट्रेनें एक-दूसरे से टकरा गई। बोगियों के आपस में टकराने की वजह से ओवर हेड वायर टूट गया, जिसके कारण तेज धमाके की आवाज के साथ पुडुचेरी एक्सप्रेस के 3 डिब्बे बेपटरी हो गए। हालांकि, दोनों ट्रेनों की रफ्तार कम होने के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई। हादसे की वजह से फिलहाल लोकल ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। दोनों ट्रेनों के एक ही ट्रैक पर आने के कारणों की जांच की जा रही है। लोको पायलटों से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

## पूर्वांचल से नरसंहार की शुरुआत करेंगेः यति कृष्णानंद

वाराणसी/ यूटर्नः हरिद्वार धर्म संसद से सुर्खियों में आए यति कृष्णानंद के दो भड़काऊ वीडियो सामने आए हैं। इनमें यति कृष्णानंद कह रहे हैं कि हमने तो धर्मयुद्ध का आगाज कर दिया है। हम काशी की पवित्र नगरी में आ गए हैं। हमने सोचा है कि पूर्वांचल से ही हम इनके नरसंहार की शुरुआत करेंगे। पहल वह करेंगे और अंत हम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने हिंदुओं से अपने घर में शस्त्र जरूर रखने की अपील की है। हालांकि, यह वीडियो कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया यूजर्स ने यति कृष्णानंद के वीडियो को शेयर कर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस और यूपी पुलिस को टैग किया है। यति कृष्णानंद ने फरसा दिखाते हुए कहा कि हम यह इसीलिए रखते हैं कि मौका मिले तो उनकी गर्दन भी उड़ा देंगे। हम यही कहेंगे कि हिंदुओं जाग जाओ, नेताओं के भरोसे मत रहो। ज्यादा वक्त नहीं है, उनकी तैयारी पूरी है और तुम्हारी तैयारी नेताओं के भरोसे अधूरी पड़ी है। शस्त्र और शास्त्र दोनों का महत्व हिंदू धर्म में बताया गया है।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma